प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
**Department of Communication,** Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

29 जनवरी 2021

**बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन – दिसंबर 2020**

बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन पर चयनित 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से दिसंबर 2020 माह के एकत्र आंकड़े जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल गैर-खाद्य ऋण में लगभग 90 प्रतिशत का हिस्सा रखते हैं, विवरण-। और विवरण-।। में दिए गए हैं।

**बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन के आंकड़ों के मुख्य अंश निम्नानुसार हैं :**

- वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) आधार पर, गैर-खाद्य बैंक ऋण वृद्धि दिसंबर 2020 में 5.9 प्रतिशत पर बनी रही जो दिसंबर 2019 में 7.0 प्रतिशत थी।
- कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों के ऋण में वृद्धि दिसंबर 2019 की 5.3 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2020 में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- उद्योग के लिए ऋण में दिसंबर 2019 की 1.6 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में दिसंबर 2020 में 1.2 प्रतिशत की कमी हुई इसके पीछे मुख्य कारण बड़े उद्योगों के ऋण में एक वर्ष पहले 1.8 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 2.4 प्रतिशत की कमी थी। मध्यम उद्योगों के ऋण में एक वर्ष पहले की 2.5 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2020 में 15.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म और लघु उद्योग में एक वर्ष पहले की 0.1 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- उद्योग के भीतर, खाद्य प्रसंस्करण', 'रत्न और आभूषण', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन', 'चमड़ा और चमड़ा उत्पाद', 'पेपर और पेपर उत्पादों' 'खनन और उत्खनन', 'कांच और कांच की वस्तुएं', 'लकड़ा और लकड़ा उत्पाद' के ऋण में दिसंबर 2020 में पिछले वर्ष के इसी महीने की वृद्धि की तुलना में त्वरित वृद्धि दर्ज की गयी । हालांकि, 'रबर प्लास्टिक और उनके उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों','सभी इंजीनियरिंग', पेय पदार्थ और तंबाकु', 'बुनियादी ढाँचा', 'मूल धातु और धातु उत्पादों' और 'निर्माण' की ऋण वृद्धि में संकुचन/कमी हुई।
- सेवा क्षेत्र में दिसंबर 2019 में 6.2 प्रतिशत की ऋण वृद्धि की तुलना में दिसंबर 2020 में 8.8 प्रतिशत की ऋण वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से 'ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों' और 'व्यापार' के लिए ऋण वृद्धि में तेजी के कारण है।
- वैयक्तिक ऋणों ने दिसंबर 2019 में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, दिसंबर 2020 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। वाहन ऋणों ने एक वर्ष पहले 7.2 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 2020 में 7.8 प्रतिशत की त्वरित वृद्धि दर्ज करते हुए अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक

**प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1015**